हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

04 गर्भपात, नवजात शिशु की हत्या और लावारिस छोड़ना सबसे बड़े ...



09 मुंगावली क्षेत्र में बेतवा नदी से रेत निकालने में खनिज माफिया जुटे



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

राघौगढ़ में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 55 जोड़ों ने दी आहुतियां



राघौगढ़। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वंदनीय माताजी एवं अखंड ज्योति के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 24 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ में 55 जोड़ों सहित सैकड़ों गायत्री परिजनों ने यज्ञ में सहभागिता कर विश्व कल्याण की कामना के साथ गायत्री महामंत्र की आहुतियां समर्पित कीं। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे वरिष्ठ परिजन निवास तिवारी ने यज्ञ एवं गायत्री ज्ञान-विज्ञान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचार क्रांति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और सप्त आंदोलनों को गति देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नशा निवारण एवं बाल संस्कारशाला के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए लोगों को इन अभियानों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट ने नगरवासियों से महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म, संस्कार और समाज सुधार के इस अभियान में सहभागिता करने की अपील की है।

चाचौड़ा पुलिस ने दबोचे तीन जुआरी

गुना। जिले की चाचौड़ा थाना पुलिस ने जुआ खेलते तीन जुआरी दबोचे हैं। जिनके पास से पुलिस ने नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद की है। जानकारी के अनुसार गत शाम चांचौड़ा थानांतर्गत बागेश्वर तिराहे के पास कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिस पर पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। जहां तीन व्यक्ति ताश-पत्तों से जुआ खेलते हुए पाए गए। पकड़े गए जुआरियों में गोलू पुत्र प्रकाशचंद माली निवासी माली मोहल्ला चांचौड़ा, अरविन्द पुत्र छोटेलाल कुशवाह निवासी वरवटपुरा चांचौड़ा एवं रशीद पुत्र मजीद खान निवासी बरवटपुरा चांचौड़ा शामिल हैं। पुलिस द्वारा मौके से 3,100 रूपये नगदी एवं ताश की एक गड्डी विधिवत जप्त कर तीनों आरोपियों के विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 384/26, धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अशोक बारिया, आरक्षक अमित राजावत, आरक्षक अर्जुन तोमर एवं आरक्षक रोहित भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही।

बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल से पहले हलचल बढ़ी

गुना। मध्य प्रदेश में बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की आगामी 7 नवंबर को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी आम हड़ताल से ठीक पहले शासन स्तर पर हलचल तेज हो गई है। कर्मचारियों के कड़े रुख को देखते हुए मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने संगठन के पदाधिकारियों को औपचारिक बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। 2 नवंबर को भोपाल के वल्लभ भवन स्थित ऊर्जा विभाग के सभाकक्ष में यह बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर से कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों की लम्बित और प्रमुख मांगों को लेकर 7 नवंबर को विशाल हड़ताल का ऐलान किया गया है। इसी बीच ऊर्जा विभाग द्वारा चर्चा का बुलावा आया है। इस उच्चस्तरीय बैठक में मध्यप्रदेश ट्रांसमिशन कंपनी जबलपुर सहित अन्य सभी विद्युत कंपनियों के कार्यकारी निदेशकों को भी विशेष रूप से बुलाया गया है। बैठक के दौरान संगठन के प्रतिनिधि शासन और कंपनी अधिकारियों के समक्ष अपनी सभी जायज मांगें पुरजोर तरीके से रखेंगे। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि इस वार्ता में उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान और मांगों पर ठोस सहमति नहीं बनती है, तो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 नवंबर को प्रदेशव्यापी आम हड़ताल हर हाल में की जाएगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का किया आयोजन

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुना में गूंजा राष्ट्रीय एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



आधुनिक भारत के निर्माता एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुना शहर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता एवं सामाजिक सद्भाव की भावना को सशक्त बनाने के साथ आमजन में राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का संदेश प्रसारित करना रहा। विधायक पन्नालाल शाक्य के मुख्य आतिथ्य तथा एसपी हितिका वासल एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नेतृत्व में सुबह 8 बजे शहर के शास्त्री पार्क के समक्ष से 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता की शपथ के साथ किया गया।

इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी- कर्मचारियों, नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं दौड़ में शामिल होकर आमजन को राष्ट्र की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का प्रेरणादायी संदेश दिया। 'रन फॉर यूनिटी' का मार्ग शास्त्री पार्क से प्रारंभ होकर लक्ष्मीगंज, सदर बाजार, निचला बाजार एवं हाट रोड होते हुए हनुमान चौराहा तक निर्धारित किया गया था। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक दौड़ लगाते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। हनुमान चौराहे पर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस अखंड एवं सशक्त भारत की कल्पना की थी, उसे बनाए रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें स्मरण कराता है कि देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए।

सफाई कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित सफाई कर्मचारियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को गुना के स्थानीय नगरपालिका कार्यालय परिसर में सफाई कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष महेश पारोछिया के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने प्रशासन और शासन के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए अपनी 16 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की पुरजोर मांग उठाई। जिलाध्यक्ष महेश पारोछिया ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सफाई कर्मचारियों द्वारा इन दिनों चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाया जा रहा है। आंदोलन की इसी कड़ी में सबसे पहले बीते 22 अक्टूबर को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 16 सूत्रीय मांगों का तत्काल निराकरण करने की मांग की गई थी। इसके बाद, पिछले दिनों 28 अक्टूबर को सभी कर्मचारियों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया था और सांकेतिक विरोध दर्ज कराया था। शनिवार को नगरपालिका कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। उन्होंने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर अब भी संज्ञान नहीं लिया गया, तो 3 नवंबर को भोपाल में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

जिले में आबकारी विभाग की कार्रवाई

35 लीटर अवैध शराब और 560 किलो गुड़ लहान जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 30 एवं 31 अक्टूबर को जिले के विभिन्न गांवों में दबिश देकर 35 लीटर हाथभट्टी शराब और 560 किलोग्राम गुड़ लहान बरामद किया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 52 हजार रुपये बताई गई है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत चांचौड़ा वृत्त प्रभारी एलआर करोसिया ने कोटरा एवं पंची मंडी, गुना-1 वृत्त प्रभारी राधाकिशन ने पिपरोदा चक, मोईन एवं सतनपुर, राघौगढ़ वृत्त प्रभारी मोहनीष शर्मा ने बिशनखेड़ा, ककरुआ एवं हमीरगढ़ तथा गुना-2 वृत्त प्रभारी वर्धमान जैन ने अजितखेड़ा एवं बरखेड़ी में दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान गुड़ लाहन का सैंपल लेकर शेष सामग्री मौके पर ही नष्ट की गई। ग्राम पिपरोदा चक में पुलिया के पास चलती हुई शराब बनाने की भट्टी भी मिली, जिसमें मौजूद लाहन नष्ट किया गया। वहीं रिंकू पुत्र लालाराम जाटव निवासी पिपरोदा चक के खेत से 8 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त की गई। शराब से तेज मदिरा जैसी गंध आने पर नमूना लेकर जांच के लिए एफएसएल ग्वालियर भेजने की तैयारी की गई। आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

आबकारी विभाग ने इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(1)(फ) एवं 49(अ) के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किए हैं। इसके अलावा जिले की आबकारी दुकानों का निरीक्षण और होटल-ढाबों की सघन जांच भी की गई। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

महिलाओं से ठगी के जेवर खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

कुंभराज। कुंभराज थाना पुलिस ने महिलाओं से छलपूर्वक सोने-चांदी के जेवरात हड़पने के दो मामलों में सफलता हासिल की है। पुलिस ने ठगी के जेवर खरीदने के आरोप में फरार अजय उर्फ गोलू सोनी (37), निवासी मोती मोहल्ला अशोकनगर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1 लाख रुपए कीमत के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों घटनाओं में आरोपी राजू ओझा ने परिवार का सदस्य बनकर महिलाओं को झांसा दिया था। जनवरी 2025 में मुस्कान धाकड़ और नवंबर 2025 में रुमा लोधा से सोने के जेवर ठगे गए थे। मामले में पुलिस ने 25 मई 2026 को मुख्य आरोपी राजू ओझा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने ठगी के जेवर अजय सोनी को बेचना बताया था। मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर सोने का मंगलसूत्र, अनारदानी, बालियां, बिजासन माला और चांदी का लॉकेट सहित अन्य आभूषण बरामद किए गए।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार पटेल की जयंती पर कांग्रेस ने किया नमन



गुना। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शनिवार को शहर के सोनी कॉलोनी स्थित इंदिरा पार्क में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पार्क पहुँचे और देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल के राजनीतिक जीवन और उनके द्वारा देशहित में लिए गए कड़े व ऐतिहासिक निर्णयों को याद किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए हमेशा मजबूत फैसले लिए, और आज उनका पूरा परिवार उनकी उन्हीं रीति और नीतियों को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी और उनके विचारों का है। एक ही दिन देश के दो महान नेताओं की स्मृतियों का संयोग होने पर इस अवसर पर देश के प्रथम गृहमंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर उनका भी स्मरण किया गया। दोनों ही महान विभूतियों के देश के प्रति योगदान को याद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके दिखाये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



बाल शिक्षा निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों को ओमकार कॉलेज में मिला करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस एवं अमरलता शैक्षणिक एवं जनसेवा समिति, गुना के संयुक्त तत्वावधान में बाल शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ओमकार कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, बजरंगगढ़ कैंपस में करियर अवेयरनेस एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं के बाद उच्च शिक्षा, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, प्रवेश परीक्षाओं तथा भारत एवं विदेशों में उपलब्ध करियर के अवसरों की जानकारी देना था। इस अवसर पर डॉ. विनोद कुमार भटनागर ने मैनेजमेंट एवं कॉमर्स के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल स्किल्स और फिनटेक जैसे उभरते क्षेत्रों की जानकारी दी। वहीं डॉ. सुरभि तिवारी ने उच्च शिक्षा के विकल्पों, विश्वविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में बताया। लॉ विभाग के शुभांग तिवारी ने कानून के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं, जबकि फार्मेसी विभाग के ध्रुव ओझा ने फार्मेसी के पाठ्यक्रमों एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज की फार्मेसी प्रयोगशालाओं का भ्रमण भी कराया। नर्सिंग विभाग के सेन सिंह कुशवाह ने नर्सिंग क्षेत्र में देश-विदेश में उपलब्ध रोजगार एवं करियर विकल्पों से अवगत कराया। कार्यक्रम में ओंकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की डायरेक्टर डॉ. मधु कृष्णानी ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। सही शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच से युवा अपनी प्रतिभा को निखारकर देश के विकास में योगदान दे सकते हैं।

समाचार संक्षेप

चाचौड़ा में 50 हजार का गांजा जब्त, पुलिस ने 50 वर्षीय तस्कर को किया गिरफ्तार

चाचौड़ा। प्रदेशव्यापी एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत चाचौड़ा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बापूलाल पुत्र छीतरजी सोंदिया (50), निवासी पुरानीगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 5.06 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपए है। पुलिस के अनुसार 29-30 अक्टूबर की मध्यरात्रि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति लहरचा गांव के रास्ते गांजा लेकर बीनागंज की ओर आ रहा है। इस पर थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया के नेतृत्व में टीम ने कीताखेड़ी और पुरानीगंज के बीच घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 385/26 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस गांजे की खरीद-फरोख्त के स्रोत और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।



मेंटेनेंस कार्य के चलते राघौगढ़ और रूठियाई क्षेत्र में 6 घंटे बिजली रहेगी बंद

राघौगढ़। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के राघौगढ़ उप-संभाग द्वारा विद्युत लाइनों एवं सब स्टेशन पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते रविवार, 1 नवंबर को बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार भोलापुरा सब स्टेशन के 132/33 केवीए फीडर पर रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक (कार्य पूर्ण होने तक) विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान राघौगढ़ वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही रूठियाई वितरण केंद्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार मेंटेनेंस कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से असुविधा के दौरान सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

सेहराई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ राहुल यादव का एमडी मेडिसिन में चयन

अशोकनगर। मध्यप्रदेश राज्य शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश नीट पीजी काउंसलिंग 2026 द्वारा जारी परिणाम के आधार पर डॉ राहुल यादव पुत्र जसपाल यादव निवासी ग्राम अमरौद, डंगोरा फूट, जिला अशोकनगर को एमडी जनरल मेडिसिन में महात्मा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर में प्रवेश मिला है। डॉ राहुल यादव ने इससे पूर्व स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के लिए आयोजित परीक्षा को उत्तीर्ण किया और इसके बाद काउंसलिंग के आधार पर एमडी जनरल मेडिसिन की सीट प्राप्त की है। डॉ राहुल यादव की इस उपलब्धि पर उनके सभी इष्ट मित्रों ने एवं शुभचिंतकों ने उन्हें मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी चलाकर बधाई दी है। यहां यह अवगत कराना उचित होगा कि डॉ राहुल यादव वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम सेहराई,जिला अशोकनगर में पदस्थ हैं। इसके पूर्व वह अपनी सेवाएं सिविल अस्पताल चंदेरी में दे चुके हैं और चंदेरी में ही पले बड़े हैं, चंदेरी में ही उनकी शिक्षा दीक्षा हुई है। डॉ राहुल यादव के एमडी जनरल मेडिसिन में चयन हो जाने से भविष्य में सिविल अस्पताल चंदेरी को एक स्थाई एमडी डॉक्टर मिलने की संभावना है।

राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला

गर्भपात, नवजात शिशु की हत्या और लावारिस छोड़ना सबसे बड़े पापः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्रमण सागर महाराज ने राघौगढ़ में जारी श्रमण धारा प्रवचन माला के 105 में दिन विद्यासागर सभागार राघौगढ़ में 'दुनिया में आने वाले को रोकना अपराध है' विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा गर्भपात, नवजात शिशु की हत्या एवं उसे लावारिस छोड़ना आज समाज की ज्वलंत समस्या बन गई है।

जैन दर्शन के अनुसार जो इस दुनिया में आना चाहता है अथवा आया है उसे जीने का अधिकार है। जैन धर्म अहिंसा प्रधान है। कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा एक इंद्रिय से पांच इंद्रिय जीवों तक के जीवों की हत्या परउचित सजाकर प्रावधान नहीं है। मात्र कुछ जीव काला हिरण, शेर आदि को मारने पर सजाकर प्रावधान है।

मनुष्य की हत्या पर सजा का प्रावधान है। आपने यह भी कहा गर्भपात से हत्या पर दंड की व्यवस्था नहीं है। गर्भ में जो आया है वह मनुष्य ही है। जैन दर्शन कहता है यह हत्या की श्रेणी में आता है। वर्तमान में अनेकों ऐसी घटनाएं सुनने में आ रही हैं नवजात शिशु को नाली में फेंक देते हैं। लड़की का जन्म होते ही अस्पताल में ही गला दबा दिया जाता है। पिछले दिनों गुना नगर के प्रसूति गृह की घटना सुनने में आई है। मुनिराज ने सागर नगर की 28 वर्ष पुरानी प्रसूति गृह की एक घटना सुनाई त्रिशूता महिला के पलंग से नवजात शिशु को नर्स उठाकर ले गई।माता ने देखा तो माता ने उसे आवाज लगाई उसने सुना नहीं फिर प्रसूता महिला खुद उस महिला के पीछे चिल्लाते हुए निकली और 500 कदम दूर उस नर्स को मोहल्ले बालों ने पकड़ा और बच्चे को छुड़ाया। आपने कहा एक वह मां है जो अपने बच्चे को बचाने के लिए पागल हो गई और एक वह मां है जो प्रसूति गृह के पलंग पर अपनी नवजात बालिका की गला दबाकर हत्या कर रही है। गर्भपात एवं नवजात शिशु की हत्या एवं लावारिस छोड़ने की घटनाओं से बचने के अपने उपाय बताते हुए कहा अगर आपको संतान नहीं चाहिए तो संयम का पालन करें। अगर संतान का जन्म हो गया है तो उसे स्वीकार कर लालन-पालन करें। अगर ऐसा लगता है कि लड़कियां ज्यादा हो गई हैं तो यह सूचना सोशल मीडिया के नाम माध्यम से प्रसारित करवा दें कि जिनको बालिकाएं चाहिए वह हमसे आकर नियमानुसार गोद ले ले।

राघौगढ़ में बीएलओ संघ का गठन, संजय जोशी बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

राघौगढ़ स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बीएलओ संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में बीएलओ साथी उपस्थित रहे। शैक्षणिक कार्यों को ध्यान में रखते हुए तथा भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप कार्य करने और निर्वाचन कार्यालय एवं बीएलओ के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बीएलओ संघ का गठन किया गया। संघ की कार्यकारिणी में संजय जोशी को अध्यक्ष, अखिलेश गुप्ता एवं योगेंद्र मैथिल को उपाध्यक्ष, बालमुकुंद कोरी को कोषाध्यक्ष, आनंद स्वरूप श्रीवास्तव को सचिव तथा देवेंद्र सिंह मेर को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं जगपाल सिंह गुर्जर, वाजिद खान, राजू सैलर, श्यामसुंदर मीना, श्रीलाल सैनी एवं मनोज कुमार साहू को मनोनीत सदस्य बनाया गया है। शेष सभी बीएलओ साथी सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल आगामी दो वर्षों का रहेगा। संघ का उद्देश्य निर्वाचन संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के साथ ही बीएलओ साथियों की समस्याओं और शैक्षणिक कार्यों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है।

मालवा कॉलेज के 11 विद्यार्थियों का ICICI बैंक में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

चाचौड़ा मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बीनागंज में आयोजित ओपन कैंपस ड्राइव में 11 विद्यार्थियों का चयन देश के प्रतिष्ठित निजी बैंक ICICI बैंक में सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में अनमोल शर्मा, अमित चंदेल, देवेन्द्र शर्मा, शिवम सेन, शिवराज सिंह गुर्जर, भूपेन्द्र मीणा, प्रवेश शर्मा, सक्षम जैन, गौतम सेन, मान गौर एवं योगेश मीणा शामिल हैं।महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि चयन से पूर्व उम्मीदवारों का ऑनलाइन टेस्ट हुआ, जिसमें शॉर्टलिस्ट होने के बाद गुना स्थित ब्रांच में साक्षात्कार आयोजित किया गया एवं साक्षात्कार उपरांत फाइनल चयन हुआ। महाविद्यालय के सहायक निदेशक नितिन गौरकर ने बताया कि सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्रेनिंग वर्तमान में टी.एस. श्रीनिवासन सेंटर फॉर पॉलिटेक्निक कॉलेज एंड एडवांस्ड ट्रेनिंग वनागरम, चेन्नई तमिलनाडु में चल रही है। ट्रेनिंग पूर्ण होने के बाद सभी को बैंक की विभिन्न शाखाओं में नियुक्ति दी जाएगी।इस सफलता पर संस्था के चेयरमेन डॉ. प्रदीप सेन एवं संचालकगण डॉ. मधु कृष्णानी, आनंद मंगल ने चयनित उम्मीदवारों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

सऊदी अरब से सकुशल वतन लौटे राघौगढ़ के उमरा जायरीन

राघौगढ़। सऊदी अरब में हूती हमलों के बीच उड़ानें प्रभावित होने से फंसे राघौगढ़, एनएफएल पालिका बाजार और शेखपुर के उमरा जायरीन सकुशल अपने वतन लौट आए। उनकी वापसी पर मुस्लिम समाज एवं परिजनों ने गले मिलकर, मिठाई खिलाकर और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। एनएफएल पालिका बाजार निवासी इंजीनियरिंग छात्र बिलाल मंसूरी ने बताया कि फातिमा मस्जिद के इमाम हाफिज वसी अहमद, राघौगढ़ निवासी शाहिद खान और उनकी पत्नी नजमा खानम तथा शेखपुर निवासी इस्माइल खान और उनकी पत्नी नसीबन बेगम 20 दिन के उमरा सफर पर मक्का-मदीना गए थे। इस दौरान सऊदी अरब में हमलों के चलते उड़ानें प्रभावित हुईं और उन्हें करीब 10 दिन अतिरिक्त इंतजार करना पड़ा। इमाम हाफिज वसी अहमद ने बताया कि उमरा का सफर बहुत अच्छा रहा। खाने-पीने और ठहरने की कोई परेशानी नहीं हुई, लेकिन हमलों के डर और उड़ानों की अनिश्चितता के कारण वापसी में देरी हुई। सकुशल भारत पहुंचने पर सभी ने अल्लाह का शुक्र अदा किया।

घर लौट रहे परिवार का बोलेरो से रास्ता रोका, पीछे से ट्रैक्टर से मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



जिले के ऊमरी पुलिस चौकी क्षेत्र में कानून और पुलिस व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस चौकी में आपसी राजीनामा कराकर घर लौट रहे एक परिवार पर आरोपियों ने महज 7 किमी दूर घात लगाकर जानलेवा हमला कर दिया। दबंगों ने पहले बोलेरो से कार का रास्ता रोका, फिर पीछे से ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर मारकर वाहन को तहस-नहस कर दिया और गाड़ी से खींच-खींचकर बेरहमी से मारपीट की। इस खूनी संघर्ष में 9 महीने की गर्भवती महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, नानीपुरा निवासी संतोष उर्फ बंटी शिकारी, उसकी बुआ अमरी बाई, चालक प्रदुमन शिकारी और 9 माह की गर्भवती पूजा शिकारी किसी मामूली विवाद को लेकर ऊमरी चौकी पहुंचे थे, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों का राजीनामा कराकर वापस भेज दिया था। आरोप है कि राजीनामा महज एक दिखावा था; जैसे ही पीड़ित परिवार की कार चौकी से करीब 7 किमी दूर ग्राम पालपुर के पास पहुंची, पहले से घात लगाकर बैठे केवल शिकारी, सुरेश शिकारी, भूरा शिकारी, सूर्य शिकारी और उनके पुत्रों पुष्पेन्द्र, अजय, गोलू, राहुल, संजू, विक्रम, उमेश सिंह समेत अन्य लोगों ने उन पर हमला बोल दिया। हमलेवरों ने सुनियोजित साजिश के तहत सफेद रंग की बोलेरो आगे अड़ाकर कार को रोका और ट्रैक्टर से टक्कर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के चश्मदीद गवाह दीपक शिकारी और ममता बाई रहे, जिन्होंने पूरी वारदात देखी। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, आपराधिक षडयंत्र और बलवे समेत अन्य गंभीर धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई और जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

गहोई वैश्य महिला सभा की राष्ट्रीय बैठक में जिले से महिलाओं ने भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गहोई वैश्य महिला महासभा की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरोलिया उर्फ डल्लू भैया एवं राष्ट्रीय मंत्री दीपक सावला एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सुनीता गांधी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ सुनीता नौगरैया, मंत्री मनोरमा पिपरसनिया, कोषाध्यक्ष शोभा कठल की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। गहोई वैश्य महिला सभा की राष्ट्रीय बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों बुंदेलखंड, महाकौशल, मालवा, चंबल सहित अनेक जिलों एवं तहसीलों से पदाधिकारी एवं महिला प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। रिंकल सेठ जिनको अ.भा ग वैश्य महासभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प.स.प्र. की जिम्मेदारी दी गई। अशोकनगर से तीन पदाधिकारी चुने गए जिसमें राष्ट्रीय संस्कृति मंत्री मंजू नौगरैया एवं कैलाश नौगरैया को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

जबलपुर में अशोकनगर से एक सैकड़ा फॉर्म भरकर रिंकल सेठ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता गांधी द्वारा संगठन की एकता,समन्वय और सम्मान की भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया गया। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पारिवारिक समन्वय प्रकल्प) रूबी गुप्ता (रिंकल सेठ) ने कहा कि समाज के सभी क्षेत्रों बुंदेलखंड, चंबल, मालवा, महाकौशल सहित प्रत्येक जिले एवं तहसील में आयोजित बैठकों में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के बीच समन्वय बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्षभर आयोजित होने वाले समाज के प्रमुख चार पर्वों एवं महत्वपूर्ण बैठकों में संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय पदाधिकारियों को भी आमंत्रित कर उनके मार्गदर्शन से कार्य करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष हर स्थान पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकतीं, इसलिए राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी उनकी उपस्थिति एवं संगठन की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं।



आरोपी के पास से उगाए गए गांजा के 28 हरे पौधे बरामद, 9 किलो 50 ग्राम गांजा जब्त

अशोकनगर। थाना देहात पुलिस द्वारा अवैध रूप से गांजा के पौधे उगाने वाले आरोपी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को थाना देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हैदर निवासी देवी सिंह यादव द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगाए गए हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा पुलिस टीम गठित कर तत्काल मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी देवी सिंह यादव के घर के आंगन एवं निर्माणाधीन दो कमरों की तलाशी लेने पर वहां गांजे के 28 हरे एवं गीले पौधे लगे हुए मिले। पुलिस टीम द्वारा उक्त सभी पौधों को जड़ सहित उखाड़कर विधिवत तौल किया गया, जिनका कुल वजन 9 किलो 50 ग्राम पाया गया। मौके से आरोपी देवी सिंह पुत्र गोपाल सिंह यादव उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम हैदर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना देहात अशोकनगर में अपराध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

जिला अस्पताल में उपचाररत किशोरी के लिए रक्तदाता सामने आए, रक्तदान किया

अशोकनगर। जिला चिकित्सालय में भर्ती मुंगावली अंतर्गत हुरैरी निवासी 16 वर्षीय सोनिका अहिरवार को अत्यधिक रक्तस्राव होने पर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उपरांत मरीज को लगातार रक्तस्राव हो रहा था जिससे मरीज का हीमोग्लोबिन मात्र 4 रह गया था। जिसे रक्त की अत्यंत आवश्यकता थी। नगर की सरकारी एवं प्राइवेट ब्लड बैंकों में ए निगेटिव ब्लड उपलब्ध नहीं था अस्पताल से आई सूचना पर ब्लड हेल्प ग्रुप ने तत्परता दिखाते हुए मरीज के लिए तत्काल दो यूनिट ब्लड उपलब्ध कराए जिसके बाद मरीज को भोपाल ले जाया गया। ए निगेटिव रेयर ब्लड ग्रुप रक्तदाता पवन धाकरे ने 76 बार जबकि सपना नायक ने 9 बार ए निगेटिव के रक्तदान किए इनके अलावा ग्रुप के करीब तीन दर्जन सदस्यों ने अलग अलग मरीजों के लिए अलग अलग ग्रुप के रक्तदान किए।

विद्यार्थियों ने जाना उन्नत खेती करने का तरीका



मुंगावली। शनिवार को टीएवी हायर सेकंडरी स्कूल, मुंगावली के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कृषि प्रक्षेत्र का दौरा किया। बच्चों ने धान, गन्ने और मूली-गाजर के खेतों को करीब से देखा। साथ ही पशुओं के लिए उगाए जाने वाले हरे चारे और खेती-किसानी के तरीकों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने किसानों से फसलों की बुवाई, सिंचाई और देखभाल के बारे में जाना।

वहीं किसानों ने विद्यार्थियों को बताया कि कृषि में जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए। जिससे कि हमारे खेत की मिट्टी को भी नुकसान नहीं होगा एवं ऊपज भी भरपूर मिलेगी। इस दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद जैन ने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ प्रकृति और खेती-किसानी का व्यावहारिक ज्ञान होना भी जरूरी है। उन्होंने पौष्टिक भोजन, ताजे फल-सब्जियों के सेवन और अन्न के सम्मान का महत्व बताया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहे। भ्रमण बच्चों के लिए रोचक और ज्ञानवर्धक रहा। आज विद्यालय के बच्चों को सहराई, हंसनगर खलीलपुर आदी जगह की किसानों से उन्नत खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य टीना गुप्ता, सीईओ पुनीत जैन, कार्यक्रम संयोजक खेल प्रशिक्षक जावेद खान, सहित समस्त स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आरोपी से पुलिस ने 15 ग्राम स्मैक, 12 मोबाइल व 3.30 लाख जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए स्मैक का अवैध विक्रय करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि शनिवार की रात्रि में थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अंसार खान पिता अशगर खान कुरैशी निवासी कटरा मोहल्ला, अशोकनगर अपने मकान के दरवाजे पर एक बैग में स्मैक रखकर उसका अवैध विक्रय कर रहा है।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तथा आरोपी के कब्जे में रखे बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक, अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रुपये, 12 नग मोबाइल फोन एवं स्मैक के अवैध विक्रय से प्राप्त नगदी 3,30,000 रुपये बरामद किए गए। पुलिस द्वारा उक्त सामग्री को विधिवत जप्त कर आरोपी अंसार खान को गिरफ्तार किया गया। जप्तशुदा मशरूका की कुल अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 80 हजार रुपये है। उक्त मामले में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 691/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

वृंदावन ग्रामों में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का संचालन जिला अशोकनगर के तीनों विधानसभाओं के वृंदावन ग्रामों में कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन ग्रामों में गायों का तीन समय का दूध दोहन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त गायों के गौपालकों को जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा गोवर्धन पूजा के दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लाभान्वित किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार प्रदान किए जाएंगे। विधानसभा मुंगावली के वृंदावन ग्राम मल्हारगढ़ में गौपालक मंगल सिंह गुर्जर को प्रथम, सोनू राय को द्वितीय तथा रामचंद्र दास को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विधानसभा क्षेत्र चंदेरी अंतर्गत वृंदावन ग्राम बमनावर में प्रथम पुरस्कार राजेंद्र रघुवंशी को प्रथम पुरस्कार, रामकृष्ण पाल को द्वितीय तथा ओमप्रकाश चैबे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर अंतर्गत वृंदावन ग्राम तूमेन में रामवीर राजपूत को प्रथम, हरपाल सिंह को द्वितीय एवं राजकुमार पुरी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

राव राजकुमार सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय, ईसागढ़ में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रभक्ति और एकता का अनूठा माहौल देखने को मिला, जहाँ समस्त महाविद्यालय परिवार ने देश की अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य अमित भार्गव एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्राचार्य अमित भार्गव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और सरदार पटेल के द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान पर से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. जवाहरलाल द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनों को एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत एक संक्षिप्त संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल के जीवन दर्शन पर अपने विचार रखे।

अग्रवाल महिला मंडल ने करवा चौथ सेलिब्रेट किया



अशोकनगर। करवा चौथ का पर्व महिलाओं का पर्व है, यह पर्व परिवार की खुशहाली पति की दीर्घायु की कामना के साथ मनाया जाता है। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा करवा चौथ की थीम पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। सामूहिक रूप से हुए आयोजन में 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और इस आयोजन को सेलिब्रेट कर उत्सव के रूप में मनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय अग्रवाल पैलेस में आयोजित किया गया था। इस मौके पर महिलाएं सज धज कर शामिल हुईं और कार्यक्रम का एंजॉय किया। इस मौके पर करवाचौथ को लेकर महिलाओं ने सामुहिक रूप से इस पर्व को मनाते हुए इस पर्व की थीम पर लेडीज डांस, करवा चौथ हाउजी, गेम्स, क्विज आदि का आयोजन किया।

खबर संक्षेप

करंट लगने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत देवपुर चक्क निवासी दलबीर पुत्र काबुल सिंह सिक्ख उम्र 35 साल को अपने खेत में करंट लग गया,जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस अवैध रूप से रखी आतिशबाजी की जब्त

अशोकनगर। जिले के कदवाया थाने की पुलिस ने ग्राम महुअन निवासी देव कोरी के घर से अवैध रूप से संग्रह कर रखे गए पटाखे जप्त किए हैं। आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने विस्पोटक अधिनियम का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी लक्ष्मी आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति मोहर सिंह आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत महावीर कॉलोनी निवासी निपुण जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल मोरिया, व एक अन्य साथी ने छैलाबाग कॉलोनी के खेत पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी लल्लू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भरत पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कमालपुर निवासी देवेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गंगाराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदवाया निवासी पूजा शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति आरोपी सोनू शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी बृजेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक और सतीश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी रानी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इटटू,राकेश, प्रकाश व बबलू अहिरवार ने उसकी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया निवासी वीरसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी श्रीराम कुर्मी ने उसकी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बर्धवाया निवासी अनिकेत कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लल्लू अहिरवार और गोपाल साहू ने उससे मारपीट की जिससे उसको फ्रेक्चर हो गया।

रेत माफिया कर रहे हैं नदी को छलनी, प्रशासन मौन

मुंगावली क्षेत्र में बेतवा नदी से रेत निकालने में खनिज माफिया जुटे

पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव के वाहन को भी डंपर चालक ने कट मारा

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद हो सकती है बड़ी कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्व सांसद केपी यादव भोपाल में हैं। ऐसे में यह माना जा रहा है कि वे इस पूरे मामले की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। इस खुलासे के बाद क्षेत्र के भ्रष्ट अधिकारियों और रेत माफियाओं के खिलाफ किसी बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले भर में खनिज संपदा की लगातार बड़े पैमाने पर चोरी की जा रही है, मुंगावली क्षेत्र में बेतवा नदी के किनारे जहां लीज नहीं है वहां भी खनिज माफिया सक्रिय हैं, प्रतिदिन 100 से अधिक डंफर भरकर रेत निकाली जा रही है। एक वर्ष में करोड़ों रूपए की खनिज संपदा की चोरी होने का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले को लेकर पूर्व सांसद और नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉक्टर केपी यादव ने सख्त कार्यवाही की मांग की है और कहा कि इस पूरे मामले को लेकर वह मुख्यमंत्री से शिकायत करेगें। इसमें प्रशासन और माफियाओं की खुलेआम मिलीभगत है। शुक्रवार को पूर्व सांसद केपी यादव मल्हारगढ़ स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर के दर्शन कर मुंगावली की ओर लौट रहे थे। रास्ते में रेत से भरे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी गाड़ी को खतरनाक तरीके से कट मारा। कुछ दूर आगे बढ़ने पर दूसरे डंपर ने भी ऐसा ही दुस्साहस किया। संदेह होने पर पूर्व सांसद ने अपनी गाड़ी डंपर के आगे अड़ाकर उसे रुकवा लिया। चालकों से पूछताछ करने पर उन्होंने बेतवा नदी से अवैध रूप से रेत भरकर लाने का सनसनीखेज खुलासा किया।



अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भड़के पूर्व सांसद



मल्हारगढ़ घाट पर दिखा भयावह नजारा

डंपर चालकों के खुलासे के बाद पूर्व सांसद सीधे बेतवा नदी के मल्हारगढ़ घाट जा पहुंचे। वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। सुप्रीम कोर्ट और नवीन खनिज अधिनियम के तहत नदियों से रेत निकालने में मशीनों के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध है, इसके बावजूद घाट पर जेसीबी मशीनों, नावों और डंपरों के जरिए खुलेआम अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा था।

बिना किसी रॉयल्टी के चल रहे इस अवैध कारोबार को देखकर केपी यादव ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली को आड़े हाथों लिया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए दो टूक कहा मेरा फर्ज था आप लोगों को बताना, जो मैंने निभा दिया। बाकी आपके ऊपर है कि कार्रवाई करना है या नहीं। क्या यह सब अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही? पूर्व सांसद ने चेतावनी दी कि इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री से की जाएगी, ताकि इस प्रकार के अवैध कृत्यों से सरकार की छवि धूमिल न हो।

इनका कहना है

मैं अपने कार्यक्रम के अनुसार टूर पर था जब डंफर ने मेरे वाहन को कट मारा तब मैने दूसरे डंफर को रोका जब मैं मौके पर पहुंचा तो 5-6 पनडुब्बियों की मदद से रेत निकाली जा रही थी हाईड्रा मशीन लगी हुई थी और टेंट लगा हुआ था। इस दौरान मैं 4 घण्टे तक वहां रूका रहा, मैने जिले के सारे अधिकारियों को अवगत कराया है, जिस जगह यह खनिज माफिया काम कर रहे थे, उसी क्षेत्र में कलेक्टर और अन्य अधिकारी आए हुए थे, लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुचा। एक डंफर रेत के दाम 50000 रूपए हैं, 100 डंफर रेत प्रतिदिन निकाली जा रही है, अंदाजा लगा सकते है आप एक महीने और एक साल में यह कितना बड़ा रेत का कारोबार चल रहा है। यह विभाग मुख्यमंत्री जी के पास है हमारी सरकार की बदनामी हो रही है, कोई कार्यवाही करना नहीं चाहता है।

डॉ. केपी यादव पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम

कल इस मामले को लेकर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर भेजी है, टीम अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, मेरे पास जैसे ही रिपोर्ट आएगी वैसे ही अवगत कराया जाएगा।

साकेत मालवीय कलेक्टर अशोकनगर

दो डंफर मौके से पकडे गए है जिन्हे पुलिस हिरासत में रखा गया है, जो मशीने लगी हुई है उनको निकलवाया जाकर कार्यवाही की जारी है यह मल्हारगढ़ के घाट पर कार्यवाही की गई है, यहां अवैध रूप से रेत निकाली जा रही थी इसकी कोई लीज नहीं है। मुंगावली में कुम्हर्रा, मदउखेड़ी, गोरा बहादुरपुर है। यह आरोपी अभी कौन है यह पता नहीं लगा है,जिले में खनिज विभाग के पास अमला नहीं है।

वीरेन्द्र वर्मा खनिज अधिकारी जिला अशोकनगर

4 घंटे तक घाट पर डटे रहे केपी यादव

पूर्व सांसद के घाट पर पहुंचने और मोर्चा संभालने की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। मुंगावली एसडीएम बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव, माइनिंग अधिकारी और भारी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केपी यादव खुद करीब 4 घंटे तक घाट पर मौजूद रहे और पूरी प्रशासनिक कार्रवाई का जायजा लेते रहे। अगर इतने बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है तो रेत माफियाओं को किसी न किसी का सरंक्षण है बिना किसी राजनैतिक,प्रशासनिक और माफियागिरी के बिना रेत निकाला जाना संभव नहीं है। कितने घाटों से रेत निकल रही है, इन सब पर निगरानी की जरूरत है, आज खनिज सामग्री के दाम आसमान पर है, लेकिन माफियाओं के सबकुछ आसान है। यदि प्रशासन,पुलिस और अमला है फिर कार्यवाही क्यों नहीं।

वाले वाहन चालक परेशान

सड़क निर्माण की रफ्तार धीमी ठेकेदार नहीं ली जा रही है रूचि



चंदेरी। देहरदा से राजघाट तक बनने वाले महत्वपूर्ण सड़क मार्ग का कार्य इन दिनों कछुआ चाल से चल रहा है, जिससे क्षेत्र के रहवासियों और राहगीरों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सड़क निर्माण का ठेका लेने वाली कंपनी की सुस्ती के कारण लोगों का पैदल चलना तक दूभर हो गया है। प्राणपुर और चंदेरी सहित कई इलाकों में जहां से सड़क गुजारनी है वहां पर सड़क निर्माण के नाम पर ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से खुदाई तो कर दी गई है, लेकिन इसके बाद आगे का काम महीनों से ठप पड़ा है। स्थिति यह है कि प्राणपुर में कई घरों के ठीक सामने नाली और सड़क खोदकर छोड़ दी गई है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू न होने से आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं। सड़क का काम समय पर पूरा न होने के कारण न केवल स्थानीय ग्रामीण बल्कि इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर भी भारी परेशान हैं। अधूरी और खुदी हुई सड़क के कारण वाहन चालकों के वाहन-खटरा होने लगे हैं। धूल और असंतुलित रास्तों के कारण यात्रियों को हर कदम पर जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। जब इस संबंध में सड़क निर्माण कंपनी से जुड़े जिम्मेदार लोगों से चर्चा की गई, तो उनका अजीबोगरीब तर्क सामने आया। उनका कहना था कि डामर उपलब्ध न हो पाने के कारण कार्य में गति नहीं मिल पा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार और कंपनी के पास सामग्री की कमी हो सकती है, लेकिन इसका खामियाजा जनता क्यों भुगते? यदि समय पर डामर नहीं मिल रहा है, तो वैकल्पिक व्यवस्था कर जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त करना कंपनी की जिम्मेदारी है।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती पर कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

चंदेरी। इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कांग्रेस की दिल्ली रैली और आगामी सनातन यात्रा को लेकर भी चर्चा की गई।



बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक भार्गव ने की,जबकि संचालन महामंत्री ब्रजकिशोर यादव ने किया। इस अवसर पर इकबाल पठान शोएब मिर्जा, बाबूलाल जैन, अतीस अंसारी, अनिल कोली, प्रदीप विद्धुआ, शबाना अंसारी सुधा ठाकुर, राफिया अंसारी भगवत परमार अरविंद सिंह बुंदेला मनोहर कोली राजीव यादव केरन लोधी संजीव जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

महाविद्यालय द्वारा जन सुरक्षा-युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर द्वारा जन सुरक्षा-युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उददेश्य विद्यार्थियों को संविधान, कानून, नागरिक अधिकार एवं कर्तव्यों के साथ साथ महिला एवं बाल संरक्षण, सायबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, आपदा प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें पुलिस एवं सुरक्षा व्यवस्था की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था।

कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अन्तर सिंह कनेश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश उपस्थित रही। जागरूकता सत्र में डॉ. आनन्द भारतीय, डॉ. अंजना गुप्ता, गायत्री नामदेव, मोनिका जैन (आर.आई), नरेन्द्र त्रिपाठी (टी.आई), रितु चैहान (टी.आई), सिमरन सिंह (एस.आई) आदि प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को गहन एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात दिनांक 28 एवं 29 अक्टूबर को विद्यार्थियो को पुलिस स्टेशन, डॉयल 112,महिला हेल्पडेस्क एवं सायबर सेल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जनसुरक्षा युवा सृजन संवाद के समापन समारोह एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अन्तर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राजपुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल के प्राचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

राजपुर। राजपुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल के प्राचार्य दयाराम मोर्य की सेवानिवृत्ति पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कार्यकाल पर उपस्थित जनों ने प्रकाश डाला। इस मौके पर संकुल केन्द्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षक भी शामिल हुए। सभी ने अपने अपने ढंग से उनके कार्यकाल पर चर्चा की। इस मौके पर प्राचार्य अपनी सेवा निवृत्ति पर भावुक होते नजर आए और कहा कि उन्होंने अपनी शासकीय सेवा के दौरान स्कूल के विकास के साथ साथ सभी को एक साथ लेकर एक परिवार की तरह संस्था को चलाया। उन्होंने सभी के सहयोग को सराहा, इस मौके पर उन्हें पुष्पहार पहनाएं गए और उनका सम्मान किया गया।

महाविद्यालय में राष्ट्रीयता से ओत प्रोत कई बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

अशोकनगर। महाविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रातः 08 बजे एकता के लिए दौड़ का आयोजन कर शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सरदार वल्लभभाई पटेल के महान व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा स्वतंत्रता के पश्चात देशी रियासतों के एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान से परिचित कराना था। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सरदार पटेल के व्यक्तित्व को आकर्षक चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में गोपाल थैंक (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्रथम, शिवानी अहिरवार (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय तथा रोशनी अलीम खान (बी.एससी. प्रथम वर्ष) एवं विजयनीति यादव (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में छवि प्रजापति (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्रथम, अनुष्का अहिरवार (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय तथा समीक्षा कुशवाह (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में सोनम चिढ़ार बी.ए.प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, लक्ष्मी पाल ने द्वितीय स्थान एवं अनीता अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



मृत्युभोज जैसी कुरूतियों को त्यागते हुए श्रृद्धांजलि कार्यक्रम रखा

विधायक रघुवंशी ने अपनी माता के निधन पर तीन शव वाहन भेंट करने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की पूज्य माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे अशोकनगर एवं गुना जिले के रघुवंशी समाज के वरिष्ठजनों ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मृत्युभोज को सीमित करने, शोकपत्र न छपवाने तथा तेरहवीं संस्कार को सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न करने का प्रस्ताव रखा। वरिष्ठजनों के इस प्रेरणादायी प्रस्ताव का विधायक एवं उनके परिजनों ने सहमति प्रदान की।

समाज के वरिष्ठजनों के प्रस्ताव एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की भावना का सम्मान करते हुए विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने अपनी पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती चंपाबाई रघुवंशी की स्मृति में रघुवंश शिक्षा परिषद, अशोकनगर, ईसागढ़ स्वास्थ्य केंद्र एवं चंदेरी स्वास्थ्य केंद्र में एक-एक मोक्ष रथ (शव वाहन) भेंट करने का संकल्प लिया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सहायता उपलब्ध कराना और जनसेवा के माध्यम से माताजी की स्मृति को चिरस्थायी बनाना है।

विधायक रघुवंशी ने कहा कि सामाजिक परंपराओं में समय के साथ सकारात्मक बदलाव लाना, अनावश्यक खर्चों को कम करना और दुख की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़े होना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के वरिष्ठजनों द्वारा दिया गया। यह सुझाव सामाजिक जागरूकता और सुधार की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पूज्य माताजी की स्मृति में किया जाने वाला यह सेवा कार्य जरूरतमंदों के काम आएगा। समाज में सादगी, सेवा और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देना ही माताजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

पूज्य माताजी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन दिनांक 06 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के गृह ग्राम अजलेश्वर में किया जाएगा। इस अवसर पर परिजन, समाजजन एवं शुभचिंतक उपस्थित होकर पूज्य माताजी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे इस अवसर पर चन्द्रप्रकाश सिंह, गुना, रघुवीर सिंह, डुंगासरा,अमर सिंह खजुरिया, अर्जुन सिंह गुना, वीरेंद्र सिंह शहवाजपुर, माधव सिंह करैया, देवेंद्र सिंह बेंहटा, सुरेश सिंह गुना, महेश सिंह डुंगासरा, गोपाल सिंह डुंगासरा, हरिसिंह खजुरिया, अनिल सिंह सान्दोह, केपी सिंह शहवाजपुर एवं जितेंद्र सिंह सिंगाखेड़ी सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

माध्यम के प्रति माध्यस्थ होने का नाम ही अध्यात्म हैः मुनि श्री निरंजन सागर जी

अशोकनगर। मुनि श्री निरंजन जी सागर महाराज ने धर्म सभा में श्रृद्धालुओं से कहा कि हम जो कहने जा रहे हैं, हो सकता है वह विषय आपको शुरुआत में अजीब सा लगे। परन्तु सम्पूर्ण विषय आप अच्छे से सुनेंगे तो आपको भी अध्यात्म का आनंद आए बिना नहीं रहेगा। आचार्यों ने अध्यात्म के रहस्य को खोलते हुए कहा है कि अधि$आत्म=अध्यात्म अर्थात अपनी आत्मा के निकट आने का नाम अध्यात्म है। आत्मा जब तक संसार अवस्था में है तब तक ही शरीर है। और जब तक शरीर है, तब तक संसार है। उन्होंने कहा कि यह शरीर इस संसार का माध्यम है या यूँ कहें कि शरीर के माध्यम से ही संसार है। इस शरीर रूपी माध्यम के प्रति भी माध्यस्थ होने का नाम ही अध्यात्म है। माध्यस्थ भाव अर्थात ना राग-ना द्वेष। इन राग-द्वेष से ऊपर उठना ही माध्यस्थ भाव है। आचार्यों ने कहा है शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम अर्थात शरीर माध्यम है धर्म की साधना के लिये। आपको साध्य-साधन और साधक संबंध ज्ञात ही है। साध्य यानि लक्ष्य और जिन माध्यमों के माध्यम से लक्ष्य तक पहुँचा जाता है वह साधन कहलाता है। साधन अर्थात माध्यम और साधक अर्थात जो साध्य को साधन के माध्यम से साधता है वह साधक कहलाता है। इसलिये जो कुशल साधक होता है वह साधन के प्रति ना अधिक ही राग करता है और न ही द्वेष करता है। वह साधन को साधन के रूप में ही मात्र स्वीकार करता है। जिसकी दृष्टि में सदैव साध्य ही रहता है। तब जाकर वह अपने साध्य को प्राप्त करने वाला श्रेष्ठ साधक माना जाता है। और जो साधक साधन को साध्य मान बैठा है और अपनी जीवन पर्यन्त की साधना के माध्यम से मात्र साधन की ही आराधना कर रहा है और साधन को पुनः-पुनः प्राप्त करने की इच्छा कर रहा है। वह साधक साध्य से भटका हुआ होता है और साधन को ही साधते हुये अपना पूरा जीवन ही व्यर्थ कर रहा है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क से राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी दौड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में रन फॉर यूनिटी-एकता दौड का आयोजन जिला मुख्यालय अशोकनगर स्थित पटेल पार्क से रेलवे स्टेशन अशोकनगर तक किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,पूर्व विधायक जजपाल सिंह,कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा पटेल पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



रन फॉर यूनिटी में सभी ने की सहभागिता

राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी में सभी ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, खिलाड़ी, कॉलेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक ने भाग लिया। अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय एकता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर पटेल पार्क से रेलवे स्टेशन अशोकनगर के लिए रवाना किया।

राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ

रेलवे स्टेशन अशोकनगर पर रन फॉर यूनिटी के समापन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रतापसिह यादव द्वारा उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। साथ ही पूर्व विधायक जजपाल सिंह द्वारा उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसडीएम इसरार खान,पार्षद जयमण्डल सिंह यादव,पार्षद महेन्द्र भारद्वाज सहित सोनू सुमन,धर्मेन्द्र रघुवंशी, अधिकारीगण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कई बार प्रशासन की टीमें भी पहुंच चुकी है लेकिन मामले में कार्रवाई सिफर रही

जामोन्या बड़ली में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से जारी मुरुम का अवैध खनन

कपिल वैध ⏭ नरसिंहगढ़

तहसील की जामोन्या बड़ली पर लंबे समय से जमकर मुरुम का अवैध खनन हो रहा है। जबकि यहां खनन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद इसके दर्जनो डम्पर, जेसीबी और पोकलेन मषीनो की सहायता से प्रतिदिन बड़ी तादाद में मुरुम खनन कर बड़ली को खोखला किया जा रहा है। हालात यह है कि जहां कभी बड़ा पहाड़ नजर आता था। वहां मुरुम खनन के चलते समतल मैदान हो चुका है।

सवाल यही है कि आखिरकार प्रतिबंध के बावजूद इतना व्यापक मुरुम खनन किसकी शह पर चल रहा है। कई बार प्रशासन की टीमे भी यहां पहुंच चुकी है लेकिन मामले में आज तक कोई कार्रवाई नही हो सकी है। जिसे देखकर कही न कही अवैध खनन के पीछे जिम्मेदारो की मौन स्वीकृति की चर्चा तेजी से फेल रही है। प्रतिबंध के बावजूद खनन के मामले क्यों कार्रवाई नही हो पा रही है इसका जवाब तहसील के राजस्व, वन सहित खनन अधिकारियो के पास भी नही है।



वन विभाग ने लगाया था प्रतिबंध

जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले इस खदान पर मुरुम खनन के लिए विधिवत रूप से खनिज विभाग से लीज जारी की गई थी। लेकिन यहां खनन प्रक्रिया शुरू होते ही यह क्षेत्र ईको सेंसेटिव जोन में आने के चलते यहां वन विभाग ने खनन पर अपनी रोक लगा दी थी। लेकिन क्षेत्र में रेलवे सहित दूसरे सरकारी निर्माण शुरू होते ही यहां बिना किसी वैध अनुमति के जमकर खनन होने लगा। लगातार खनन की षिकायते प्रषासन के पास पहुंच रही है। पूरा मामला प्रषासन के संज्ञान में होने के बाद भी यहां कार्रवाई न होना बड़ी सांठगांठ की और इषारा कर रहा है। सवाल यही है कि प्रतिबंध के बावजूद खनन को अंजाम देने वालो के खिलाफ कार्रवाई क्यों नही हो पा रही है।

मौके पर मिला खनन, लेकिन कार्रवाई के नाम पर चुप्पी

जानकारी के अनुसार इस बड़ली पर अवैध खनन की शिकायत के बाद राजस्व टीम ने भी मौका मुआवना कर यहां व्यापक अवैध खनन की गतिविधियां संचालित होने की रिपोर्ट तैयार की थी। बताया जाता है कि राजस्व विभाग ने जिला प्रशासन को अवैध खनन संबंधि जांच प्रतिवेदन भी भेजा था। लेकिन यहां अभी तक कोई कार्रवाई देखने को नही मिली है। जबकि मौके पर लगातार खनन जारी है। प्रतिदिन सैकड़ो डम्पर मुरम खोदकर ले जाई जा रही है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर अधिकारी मामले को दिखवाने की बात कहते हुए अपने दायित्वो की इतिश्री करते नजर आ रहे है।

इनका कहना है

मामले को दिखवाते है। खनिज विभाग के साथ मिलकर जांच करेंगे। पूर्व में खनन की षिकायतो पर कुरावर तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी।

अनाग्रिका कनोझिया,
तहसीलदार नरसिंहगढ़

खनन मामले में खनिज विभाग को जांच के लिए निर्देषित करेंगे। पूरे मामले को दिखवाता हूँ।

अजय प्रताप सिंह,
एसडीएम नरसिंहगढ़

बिगनोदीपुरा जोड़ के पास हादसा

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

संडावता मार्ग पर शनिवार को बिगनोदीपुरा जोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति को सामान्य चोटें आई हैं। दुर्घटना में घायल व्यक्ति के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी अनुसार शनिवार को प्रेमनारायण पिता बाबूलाल पाटीदार 55 वर्ष निवासी ग्राम ढांकनी अपनी बाइक से सारंगपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बिगनोदीपुरा जोड़ के पास संडावता मार्ग पर सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। आमने-सामने हुई भिड़ंत में प्रेमनारायण पाटीदार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं, जबकि पैर में फ्रैक्चर हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर निजी एंबुलेंस की मदद से घायल प्रेमनारायण को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर जयसिंह बघेल ने उनका प्राथमिक उपचार किया। पैर में फ्रैक्चर होने के कारण उनका अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति को सामान्य चोटें आने की जानकारी सामने आई है। इधर, पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पटेल की 151वीं जयंती पर पाटीदार समाज ने निकाली वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

लौह पुरुष एवं भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को पाटीदार समाज द्वारा उत्साह और श्रद्धा के साथ विभिन्न आयोजन किए गए। इस दौरान समाजजनों ने वाहन रैली निकालकर सरदार पटेल को याद किया और उनके बताए एकता, अखंडता एवं समानता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को पाटीदार समाज धर्मशाला, ड्रीम होम सिटी से वाहन रैली का शुभारंभ हुआ। इसके लिए सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर को जीप में रखकर आकर्षक झांकी सजाई गई। झांकी के साथ समाजजन वाहनों पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। रैली अकोदिया रोड चैराहे स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक पहुंची, जहां समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसके बाद वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। रैली के दौरान समाजजनों ने सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक एकता, भाईचारे एवं समानता को मजबूत बनाने का संदेश दिया। नगर में निकली रैली के माध्यम से युवाओं और नई पीढ़ी को भी सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान से परिचित कराने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ मोहनलाल रावतीय, चैनसिंह पाटीदार, मणिशंकर पाटीदार, आत्माराम पाटीदार, लक्ष्मीनारायण पाटीदार, तहसील अध्यक्ष महेश पाटीदार, राजेश गोवा, विष्णु पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, अरविंद्र पाटीदार पाडल्या माता सहित बड़ी संख्या में पाटीदार समाज के लोग उपस्थित रहे।

किसानों को बीज वितरित, खेती के लिए पानी-बिजली की उपलब्धता पर दिया जोर

विदिशा। शुक्रवार गूलरखेड़ी मंडी में कृषि विभाग द्वारा किसानों को बीज वितरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैलाश रघुवंशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई किसान क्रेडिट कार्ड योजना से छोटे किसानों को आर्थिक सुरक्षा और मजबूती मिली है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में शुरू की गई किसान हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन प्रयासों से मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर विकास की राह पर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। जरूरत खेती के लिए 24 घंटे पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

सनातन धर्म की मूल भावना, धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता के संरक्षण के उद्देश्य निकाली जा रही यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में शिवधाम उज्जैन से रामधाम अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शनिवार को राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। इस अवसर पर भगवान बाबा रामदेव जी मंदिर, दंड जोड़, कालीपीठ रोड पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यात्रा सनातन धर्म की मूल भावना, धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

सिंह ने देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर चंदे की राशि में हो रही कथित अनियमितताओं एवं धार्मिक स्थलों से सामग्री की चोरी के मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित चंदे एवं दान की राशि का पारदर्शी तरीके से उपयोग होना चाहिए। धार्मिक स्थलों की संपत्ति की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं में जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास कायम रहे।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सत्य, सेवा, सद्भाव, करुणा एवं सामाजिक एकता का संदेश देता है। धार्मिक आस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का उद्देश्य इन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना एवं सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर,हेमराज कल्पोनी, रामचंद्र दांगी, रामप्रसाद दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, प्रेमसिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

भाजपा जिला महामंत्री की उपस्थिति रही

मानस गीता गोशाला में किया पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

श्री मानस गीता गोशाला में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री ममता दीदी सहित गोशाला के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की आवश्यकता बताई गई। साथ ही प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति से पौधरोपण अभियान में भागीदारी निभाने की अपील की गई।इस अवसर पर गोशाला के सदस्यों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

वार्ड 38 में विधायक ने समस्याएं सुनीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विधायक मुकेश टंडन ने शुक्रवार को वार्ड 38 का भ्रमण कर वार्ड में व्याप्त समस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी। वार्डवासियों ने अपनी समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। विधायक मुकेश टंडन ने मौके पर उपस्थित नपा के अधिकारियों को नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वार्ड की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। विधायक टंडन ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, रामप्रसाद पासी, शैलेन्द्र सिरभैया, दीप सिंह जादौन, बाबूलाल कुशवाह, राजू मालवीय, राजकुमार जाट, लखन पटेल, सुरेंद्र कुशवाह आदि मौजूद रहे।

टंकी पर चढ़कर कलेक्टर ने जांची सफाई, पीएम आवास से वंचित परिवारों का मुद्दा उठा

जनविश्वास अभियान के तहत शमशाबाद पहुंचे कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं, दिव्यांग शिविर और कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण



विदिशा। आवेदन लेते हुए कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

जनविश्वास अभियान के तहत शमशाबाद पहुंचे कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर आमजन से सीधा संवाद किया।

तहसील परिसर में कलेक्टर का अलग अंदाज देखने को मिला। वे खुद पानी की टंकी पर चढ़ गए और वहां की सफाई व्यवस्था देखी। कलेक्टर ने दिव्यांग शिविर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद कन्या छात्रावास पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। जनसंवाद के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि नगर की अवैध कॉलोनियों में प्लॉट होने के कारण सैकड़ों गरीब और पात्र परिवार आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने ऐसे परिवारों को योजना से जोड़ने के लिए समाधान निकालने की मांग की। मोना भार्गव ने स्वसहायता समूह के माध्यम से समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी के 5 महीने बाद भी भुगतान लंबित होने की शिकायत की है।

थाने में सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश

पुलिस थाने के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गुंडा और निगरानीशुदा बदमाशों की सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि थाने आने वाले लोगों को उनकी जानकारी स्पष्ट रूप से मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण हो और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान एसपी रोहित केशवानी, डीएफओ हेमंत यादव, नगर निरीक्षक आशुतोष सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बीच सड़क पर ट्रक बंद होने से लगा जाम

गंजबासौदा। सिरोंज चौराहे से राजेंद्र नगर जाने वाले मार्ग पर गत दिवस एक ट्रक खराब हो गया।दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं जिससे लंबा जाम लग गया। काफी देर तक इंतजार के बाद किसानों और वाहन चालकों को दूसरे मार्ग से निकलना पड़ा। बर्री घाट जाने वाले किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चार पहिया वाहनों से करीब 4 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ा।

न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

क्र./8616/ प्रवा.-2/ विवाह पंजी./2026
राजगढ़, दिनांक 13/10/2026

// विज्ञप्ति //

आवेदक श्री प्रदीप सेन पिता रंगलाल निवासी ग्राम बगा पोस्ट पाड़लीखाती तहसील राजगढ़ जिला राजगढ़ म.प्र. एवं आवेदिका श्रद्धा गजभिये पिता श्यामराव गजभिये निवासी ग्राम गणेशपुर तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र. के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टी के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है। हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-6 (3) के तहत् सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 12/11/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थिति होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी।

अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

हरदीप पुरी के नामांकन के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, माधवगंज चौराहे पर फूंका पुतला

एपिस्टिन फाइल विवाद का हवाला देकर भाजपा पर साधा निशाना, कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को मप्र से राज्यसभा के लिए नामांकित किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने माधवगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हरदीप पुरी का पुतला दहन किया और भाजपा नेतृत्व के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि हरदीप पुरी का नाम एपिस्टिन फाइलों के संदर्भ में सार्वजनिक चर्चा में आने के बाद उन्हे मप्र से राज्यसभा भेजने का निर्णय कई सवाल खड़े करता है। भाजपा नेतृत्व को प्रदेश की जनता के सामने इस फैसले को लेकर स्थिति स्पष्ट करना चाहिए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि मप्र की जनता के सम्मान और प्रदेश की राजनीतिक गरिमा से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एक ओर नैतिकता और सुशासन की बात करती है, वहीं दूसरी ओर विवादों में आए व्यक्ति को राज्यसभा के लिए नामांकित कर रही है। यह पार्टी के कथनी और करनी के अंतर को उजागर करता है।



विदिशा। पुतला दहन के दौरान कांग्रेसियों और पुलिस की झुमाझटकी हुई।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू सिंह राजपूत, पूर्व महिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आशा सिंह राजपूत, राजकुमार पासी, सुशील शर्मा, गोविंद भार्गव, रूप सिंह किरार, रामराज सिंह दांगी, शरद शर्मा, नरेंद्र शर्मा, , गोविन्द सिंह राजपूत, कमलेश शर्मा , सुमित पाल, नवनीत कुशवाह आदि मौजूद रहे।

कराखेड़ी स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शासकीय एकीकृत हाई स्कूल करारखेड़ी में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विद्यार्थियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो इसे ग्रहण करेगा, वह उतना ही ताकतवर और बुद्धिमान बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की